फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री नरेन्द्र सिंह चुण्डावत C/o भेरूलाल गॉधी भटटो का मोहल्ला, माणक चौक, देवगढ जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ

— **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 23/2021

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.10.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ के पत्रांक आरटीआई/2021/32 दि. 07.09.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 272 दिनांक 26.04.2021 के द्वारा उपलब्ध करवा दी गई हैं। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ के द्वारा वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)